Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Demand to develop Thane railway station as world class railway station.

श्री राजन बाबूराव विचारे (ठाणे): अध्यक्ष जी, मेरे लोक सभा क्षेत्र ठाणे के अंतर्गत आने वाला रेलवे स्टेशन ऐतिहासिक स्टेशन है । यहां से देश की पहली रेलवे ट्रेन 16 अप्रैल, 1853 बोरीबंदर से ठाणे के बीच चली थी । यहां प्रतिदिन लगभग 8 लाख से ज्यादा यात्री यात्रा करते हैं । इसके ऐतिहासिक महत्व का ध्यान रखते हुए ठाणे रेलवे स्टेशन को वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन का दर्जा दिया जाना जरूरी है । इसके साथ ही वर्तमान समय में जो स्टेशन की इमारत है, वह चार से पांच दशक पुरानी है और अब जर्जर अवस्था की तरफ बढ़ रही है । इस इमारत का फिर से निर्माण कार्य जल्द शुरू करने की जरूरत है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से रेलवे मंत्री जी से मांग करता हूं कि ठाणे रेलवे स्टेशन को वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन का दर्जा देने और वहां जल्द से जल्द सुसज्जित इमारत का निर्माण करने के साथ-साथ इस इमारत की तल मंजिल पर कार्यालय, प्रतीक्षा कक्ष और म्यूजियम रूम बनाने हेतु संबंधित विभाग को निर्देश देने की कृपा करें ।